## महत्वपूर्ण एवं खास

### मौसेरे भाई ने नाबालिक से किया अनाचार

**आरोपी घुमाने के बहाने घर से ले गया**

रायपुर (आरएनएस)। नाबालिक को डरा धमकाकर मौसेरे भाई द्वारा अनाचार किये जाने की रिपोर्ट प्रार्थिया ने सिविल लाईन थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने अनाचार के मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 376,506बी 4 पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### सरपंच को धमका कर रूपए ऐंठने वाले नकली नक्सलियों को 14 साल का कारावास

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले के नेतानार में दो वर्ष पूर्व नक्सली के नाम से सरपंच को धमकाने पर न्यायालय ने ग्रामीण को 14 वर्ष का कठोर कारावास एवं 4 धाराओं में 5 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। इस मामले में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक श्रीमती सीमा गोलछा ने पैरवी की। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेतानार के सरपंच सहदेव नाग 4 जनवरी 2016 की दोपहर 3 बजे सचिव मुरारी शर्मा के साथ पंचायत भवन में वृद्धापेंशन बांट रहा था। उसी समय दो मोटर सायकल में सवार लेण्ड्रा निवासी 42 वर्षीय यज्ञदत कश्यप 4 लोगों के साथ वहां पहुंचे।

### युवक की हत्या कर महिला पहुंची थाना, किया आत्मसमर्पण

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। जैजैपुर में एक युवक की हत्या की खबर सामने आई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक अमीरखान एक महिला के घर गया था दोनो आपस में बातचीत कर रहे थे, युवक महिला के रजामंदी बैगर संबंध बनाने की कोशिश करने लगा तभी दोनो के बीच विवाद हो गया। महिला तैस मे आकर महिला ने युवक के उपर रॉड से हमला कर दिया। युवक के सिर पर गंभीर चोट आने के वजह से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही महिला ने जैजैपुर थाना पहुचंकर हत्या करना स्वीकार कर अत्मा समर्पण कर दिया है। घटना की खबर नगर में आग की तरह फैल गई। सूचना पर पुलिस बड़ी संख्या मे घटना स्थल पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि उक्त महिला के साथ अमीर खान का काफी लंबे समय से अवैध संबंध था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच मे जुटी हुई है।

### सेना के जवान ने की कैंट स्टेशन पर ट्रेन से कटकर खुदकुशी

मेरठ (आरएनएस)। कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्म के समीप गुरवार सुबह सेना के जवान ने ट्रेन से कटकर खुदकशी कर ली। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

22 इन्फेंट्री डिविजन के सिग्नल रेजीमेंट में तैनात जवान केतन सोलंकी गांव अबरामा जिला वलसाड गुजरात के निवासी थे। सुबह करीब सात बजे सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के नीचे आकर उन्होंने जान दे दी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सोमवीर सिंह ने बताया कि जवान के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। रेलवे स्टेशन पहुंचे सेना के जवानों ने इस मामले में कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया है।

### चोरों ने शोरूम से पार किये 25 लाख के मोबाइल

मथुरा (आरएनएस)। सर्दी की दस्तक के बाद पुलिस की मुस्तैदी से पहले चोरों ने सक्रियता दिखा दी।

मथुरा में चोरों के हौसले बुलंद हैं, रात में चोरों ने मोबाइल की दुकान को निशाना बनाया। षटर काट कर बदमाषों ने घटना को अंजाम दिया। मामला थाना कोतवाली के धौलीप्याउ चैकी क्षेत्र का है। यहां देर रात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी सुबह बाजार खुलने पर हुई। घटना की जानकारी 100 नम्बर पर स्थानीय लोगो ने पुलिस को दी। क्षेत्राधिकारी नगर विजय षंकर मिश्रा भी पहुंच गये। उन्होंने घटना स्थल का निरक्षण किया और चोरों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। वहीं शोरूम मालिक ने बताया कि चोर 20 से 25 लाख रूपये कीमत का माल ले गये हैं।

### शार्ट सर्किट से लगी आग से नकदी समेत लाखों का सामान स्वाहा

पहला सीतापुर (आरएनएस)। थाना सदरपुर क्षेत्र के ग्राम खुरवल सदरपुर में शार्ट सर्किट से लगी आग से हजारों की सम्पत्ति जलकर राख हो गई है। पीड़ित परिवार इस घटना से बहुत ही आहत है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित गांव खुरवल सदरपुर निवासी अब्दुल हक उर्फ बुद्धा के घर बीती रात लगभग बारह बजे बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिस कारण से पूरे घर में आग फैल गई और धीरेण्धीरे उस आग की चपेट में पूरी ग्रहस्थी ही आ गई। जब तक परिजन जागते और बचाव कर पाते तब तक उनके घर में रखे कपड़े बिस्तर फ्रिज बैग में रखते कपड़े व नकदी 15000 रुपये जलकर राख हो चुके थे। मुम्बई से साड़ी मंगाकर फेरी करने वाले इन बुद्धा के घर पर रखा हुआ। अस्सी साडियों का एक बंडल भी आग में जलकर राख हो गया है। पीड़ित ने उक्त दुर्घटना की जानकारी एक प्रार्थनापत्र के द्वारा संबंधित विभाग और पुलिस दोनों ही जगह दे दी है।

### फांसी पर लटकती मिली किशोरी की लाश

महासमुंद (आरएनएस)। ग्राम डुडुमचुंवा की सीमा (17) की लाश घर में फंदे पर लटकती पाई गई। बुधवार शाम को दुपट्टे के फंदे से शव लटकता देख परिजन सहम गए। घटना के समय किशोरी के अलावा सिर्फएक महिला घर पर थी। परिवर के अन्य लोग बाहर रहते हैं। घटना के समय महिला गांव में कहीं गई हुई थी। लौटी तो किशोरी की लाश फंदे से लटक रही थी।

# मतदान के दौरान ईवीएम की गड़बड़ी पर भाजपा ने क्यों साधा था मौन : कांग्रेस


रायपुर (आरएनएस)। राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब चुनाव परिणाम का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। कांग्रेस जहां ईवीएम में गड़बड़ी को लेकर लगातार शिकायत दर्ज कराते आ रहा है तो वहीं इस मामले में भाजपा मौन है। इस पर कांग्रेस ने यहां तक कह दिया कि भाजपा को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं है, भाजपा को किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना है, इसीलिए राज्य में सैकड़ों ईवीएम के खराब होने के बाद भी भाजपा ने इस पर आज तक कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई।



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस संचार विभागाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में मिशन-65 को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे। विधानसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद अब भाजपा के मिशन-65 पर ग्रहण लग गया है। यही वजह है कि भाजपा के प्रदेश प्रमुख 51 सीट आने और चौथी बार सत्ता में काबिज होने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस संचार विभागध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए सीधे कह दिया कि भाजपा को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं है, इसीलिए भाजपा किसी भी तरह से सत्ता हासिल करना चाहती है। कांग्रेस की ओर से मतदान के समय ईवीएम में आई गड़बड़ी को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग में लगातार शिकायत दर्ज कराई। राजधानी रायपुर सहित आसपास के विधानसभा क्षेत्रों के अलावा राज्य भर से इसी तरह ईवीएम के खराब होने की लगातार शिकायतें आती रहीं। इसके बाद बस्तर के एक विधानसभा क्षेत्र के अलावा कई अन्य मतदान केन्द्रों में मतदान की संख्या, मतदान के प्रतिशत, पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट और जिला निर्वाचन के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त रिपोर्ट में भारी अंतर पाया गया। कांग्रेस ने तत्काल इसकी शिकायत फिर से आयोग में दर्ज कराई। पीठासीन और जिला निर्वाचन अधिकारी की मतदान प्रतिशत और मतदान संख्या को लेकर मिली रिपोर्ट में सैकड़ों मतों का अंतर पाया गया। इस भारी लापरवाही और गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस लगातार आयोग से शिकायत करती रही। लेकिन भाजपा ने इतनी बड़ी चूक के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई, इससे समझा जा सकता है कि भाजपा को किसी भी कीमत पर सत्ता चाहिए।

## गिप्पी ग्रेवाल को सिंघम बनायेंगे अजय देवगन

बॉलीवुड अभिनेता और निर्माता अजय देवगन पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार गिप्पी ग्रेवाल को लेकर अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम का पंजाबी में रीमेक बनाने जा रहे हैं।



अजय देवगन और टी सीरीज के मालिक भूषण कुमार जल्द ही पंजाबी गायक और सुपरस्टार गिप्पी ग्रेवाल को लेकर दो पंजाबी फिल्मों का निर्माण करने जा रहे हैं। भूषण, अजय देवगन और पैनोरामा स्टूडियो के साथ सिंघम के पंजाबी रीमेक का निर्माण कर रहे हैं। इन दो फिल्मों के लिए लीड अभिनेत्री का चयन करना अभी बाकी है, जबकि दोनों फिल्मों में गिप्पी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## मार्च तक अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हो जाएगा खेल विभाग को हस्तांतरितः मुख्य सचिव



हल्द्वानी (आरएनएस)। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि मार्च 2019 तक अंतराष्ट्रीय स्टेडियम बनकर तैयार होने के साथ ही खेल विभाग को हस्तांतरित हो जाएगा। हल्द्वानी में प्रस्तावित आईएसबीटी के लिए शासन स्तर पर जमीन के लिए अंतिम निर्णय होना है। शासन के निर्णय के बाद ही जमीन हस्तांतरित आदि की कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य सचिव ने गुरवार को निर्माणाधीन अंतराष्ट्रीय स्टेडियम ओर आईएसबीटी के लिए प्रस्तावित तीनपानी स्थित वन भूमि का निरीक्षण किया। इसके बाद पत्रकारों से वार्ता में मुख्य सचिव ने कहा कि अंतराष्ट्रीय स्टेडियम का काम अंतिम चरण में है। क्रिकेट का पिच बनकर तैयार हो गया है। इंडोर स्टेडियम का काम भी प्रगति पर है। देहरादून में अंतराष्ट्रीय स्टेडियम का काम पूरा हो चुका है। मार्च तक यहां का स्टेडियम भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार हो जाएगा। इसके बाद मुख्य सचिव तीनपानी स्थित आईएसबीटी के लिए प्रस्तावित जमीन देखने पहुंचे। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि प्रस्तावित बस अड्डे तक सड़क बनाने के साथ ही नहर कवरिंग का काम होना है। इसके लिए कुल 22 करोड़ 65 लाख का प्रस्ताव शासन को भेज गया है।

## अनुकंपा नियुक्ति दिलाने का दायित्व अधिकारियों का : हाईकोर्ट

बिलासपुर (आरएनएस)। हाईकोर्ट ने किसी भी शासकीय कर्मचारी के निधन पर मृतक के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति व अन्य सहायता दिलाए जाने का दायित्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी की है। अधिकारी को आश्रितों को नियमों की जानकारी दी जानी चाहिए। कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता के आवेदन को स्वीकार कर नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति देने का आदेश दिया है।



याचिकाकर्ता डिगेश्वर प्रसाद के पिता विशेलाल बालोद में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। सेवाकाल के दौरान 1999 में उनका निधन हो गया। पिता के निधन के समय याचिकाकर्ता की उम्र नौ साल थी। मृतक सहायक शिक्षक के आश्रितों को विभाग की ओर से अनुकंपा नियुक्ति के नियम के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई। याचिकाकर्ता डिगेश्वर बालिग होने पर शिक्षा विभाग में अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने आवेदन पेश किया। विभाग ने शासकीय कर्मचारी के निधन होने के बाद तीन वर्ष के अंदर ही अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का नियम होने का हवाला देते हुए आवेदन को निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता ने शिक्षा सचिव को भी आवेदन दिया। शिक्षा सचिव द्वारा भी आवेदन निरस्त किए जाने पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें कहा गया कि पिता का निधन होने के समय वह नाबालिग था। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में उसे कोई जानकारी नहीं थी। इसके अलावा विभाग की ओर से भी उसकी मां को कुछ नहीं बताया गया। बालिग होने पर आवेदन दिया गया है।

याचिका में जस्टिस पी सैम कोशी के कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यदि किसी शासकीय कर्मचारी का निधन होता है तो विभाग के वरिष्ठ अधिकारी का यह दायित्व है कि तीन माह के अंदर मृतक के आश्रित या उत्तराधिकारी को यह बताए कि अनुकंपा नियुक्ति कैसे मिलेगी।

## आयुष्मान के साथ जोड़ी जमायेगी नुसरत भरूचा

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा सिल्वर स्क्रीन पर आयुष्मान खुराना के साथ जोड़ी जमाने जा रही है। सोनू के टीटू की स्वीटी फेम नुसरत भरूचा फिल्म गुगली में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने जा रही है। नुसरत ने कहा, वह जल्द आयुष्मान के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि यह साल फिल्मों के लिए काफी अच्छा रहा है। इस साल की उनकी फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी काफी हिट रही थी। इस साल कंटेंट बेस्ड फिल्में काफी सक्सेस रही हैं।



## अतिरिक्त धान लेकर खरीद रहे अधिक नमी वाले धान!


**कनेकेरा खरीदी केंद्र पहुंचे एसडीएम से किसानों की शिकायत**

महासमुंद (आरएनएस)। धान खरीदी केंद्रों में अधिक नमी वाले धान खरीदी का मामला जिला मुख्यालय से सटे कनेकेरा सोसाइटी में सामने आया है। गुरूवार को एसडीएम जब खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे तो यहां किसानों ने अधिक नमी वाले धान खरीदी के लिए अतिरिक्त धान लिए जाने की शिकायत की।



उल्लेखनीय है कि जिले के 81 सोसाइटी के 122 धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ हुई है।

## हाईटेंशन लाइन से लगी आग, कई बीघे गन्ने की फसल जली



कमलापुर सीतापुर (आरएनएस)। थाना इलाके के रायपुर गांव में हाईटेंशन बिजली के तार टूटकर गन्ने के खेत में गिर जाने से आधा एकड़ गन्ने की फसल जलकर राख हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर तत्काल गांव में पहुंची। लेकिन तब तक गांव वासियों ने खेत में लगी आग को बुझा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहजलालपुर से 11000 विद्युत तारों की जर्जर लाइन गांव के बाहर से निकली हुई है। जिसका तार टूटकर राघवेन्द्र के खेत में गिर गया। जिसमें राघवेंद्र शुक्ला पुत्र छोटेलाल शुक्ल निवासी रायपुर का लगभग आधा एकड़ गन्ना जल गया।

इसके पूर्व अभी कुछ दिनों पूर्व ही इसी लाइन से शाह जलालपुर निवासी शिवम सिंह के गन्ने के खेत की फसल जलकर राख हो गई थी।

## अक्षय कुमार की अगली फिल्म का डायरेक्शन करेंगे रोहित शेट्टी?

इस समय बॉलिवुड डायरेक्टर रोहित शेट्टी अपनी आने वाली फिल्म सिंबा के पोस्ट प्रॉडक्शन में बिजी हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह और सारा अली खान लीड रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में रणवीर सिंह एक पुलिसवाले की भूमिका में हैं जिसका नाम संग्राम भालेराव है।



अब ऐसा सुनने में आ रहा है कि सिंबा की रिलीज से पहले ही रोहित शेट्टी ने एक नया प्रॉजेक्ट अपने हाथ में ले लिया है। बताया जा रहा है कि रोहित शेट्टी बॉलिवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार की अगली फिल्म का डायरेक्शन करने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग अगले साल मई या जून में शुरू हो सकती है।

खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए अक्षय कुमार ने भी हां कह दी है और अपनी डेट्स दे दी हैं। पहले अक्षय ने यह डेट्स हेरा फेरी के सीक्वल के लिए दी थीं लेकिन माना जा रहा है कि यह फिल्म कुछ समय के लिए टाल दी गई है।

## प्रेशर बम विस्फोट में एक आरक्षक घायल

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में आज सुबह नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर बम विस्फोट में एक सहायक आरक्षक रैनू भास्कर गंभीर रुप से जख्मी हो गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अरनपुर थाने से आज सुबह पुलिस का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। ग्राम ककाड़ी के समीप जंगल में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर बम में पैर पड़ने पर विस्फोट हो गया।

## 100 पेटी नशीली दवा के साथ तीन पकड़ाए

महासमुंद (आरएनएस)। बलौदा चौकी पुलिस ने गुरवार को नशीली दवा का कारोबार करने वाले 3 आरोपियों को हिरासत में लिया है। उक्त तीनों आरोपी एक ट्रक में 100 पेटी नशीली दवा लादकर रायपुर से ओडिशा की ओर जंगल के रास्ते ले जा रहे थे। इसी दौरान सूचना पर पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। मामले में फिलहाल पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## किशमिश खाएं, खून की कमी की समस्या दूर भगाएं

खून में प्लेटलेट्स की संख्या कम होना शरीर के लिए ठीक नहीं है। इसीलिए डेंगू, मलेरिया, टायफॉइड जैसी बीमारियों के कारण जब मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या कम होती है तो डॉक्टर तुरंत प्लेटलेट्स बढ़ाने वाले आहार खाने की सलाह देते हैं। किशमिश एक ऐसा आहार है, जिसमें ढेर सारे पौष्टिक तत्व मौजूद होते हैं और ये तत्व आपके शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। आयुर्वेदाचार्य डॉ. ए के मिश्र कहते हैं, रोज सुबह 5 किशमिश खाएं। इससे खून की कमी दूर होगी और आप सेहतमंद रहेंगे।




**इतना होनी चाहिए प्लेटलेट्स**

शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या कम होने की स्थिति को थ्रोम्बोसाइटोपिनिया के नाम से जाना जाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति के खून में सामान्य प्लेटलेट काउंट डेढ़ लाख (1,50,000) से साढ़े चार लाख (4,50,000) प्रति माइक्रोलीटर होता है। लेकिन जब यह काउंट डेढ़ लाख प्रति माइक्रोलीटर से नीचे चला जाए तो इसे लो प्लेटलेट माना जाता है। कुछ खास तरह की दवाओं, आनुवंशिक रोगों, कुछ खास तरह के कैंसर, कीमोथेरेपी ट्रीटमेंट, अधिक एल्कोहॉल के सेवन व कुछ खास तरह के बुखार जैसे डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के होने पर भी खून में प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाती है।

## वैज्ञानिकों ने खोजा बिजली बनाने का नया जुगाड़

वैज्ञानिक दिन प्रति दिन लगातार साइंस के जरिए दुनिया को विकसित करने के लिए आविष्कार करते रहते हैं। ऐसा ही एक आविष्कार बोस्टन के वैज्ञानिक बिना बिजली के कूलिंगकरने वाला उपकरण तैयार किया है। इस उपकरण से ऐसे लोगों को काफी फायदा होगा जो ऐसी जगह रहते हैं जहां बिजली की समस्या बनी रहती है।



बिजली या जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न ऊर्जा के बिना ही चलने वाला यह उपकरण एमआईटी के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। इन वैज्ञानिकों में भारतीय मूल का भी एक वैज्ञानिक शामिल है। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि इस प्रणाली में प्रकाश के मध्य इन्फ्रारेड स्तर पर ऊर्जा का उत्सर्जन होता है जो वायुमंडल से सीधे आगे बढ़ कर उसकी बाहरी सतह के शीत आवरण में विकिरित हो जाता है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान, ग्रीनहाउस गैसों की तरह आचरण करने वाली गैसों का प्रभाव बेअसर रहता है। सूर्य की सीधी रोशनी में गर्म होने से बचाने के लिए इस उपकरण के ऊपरी ब्लॉक्स में धातु की बनी एक पट्टी लगी रहती है जो सूर्य की सीधे पड़ने वाली किरणों को रोक देती है। इस उपकरण के बारे में जानकारी नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित हुई है।